आकाशवाणी भोपाल

प्रादेशिक समाचार

दिनांक 05.10.2024 समय: 7.10 PM

## मुख्य समाचार...

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किश्त अंतरित की ।**
- **राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में रानी दुर्गावती श्री अन्न योजना को मंजूरी देने के साथ ही कई अहम फैसले लिये गये।**
- **विशेष सशस्त्र पुलिस बल की 45 वीं बटालियन का नामकरण रानी दुर्गावती के नाम पर किया जायेगा, कहा मुख्यमंत्री ने।**
- **सायबर सुरक्षा और जागरूकता विषय पर देवास में हुआ कार्यशाला का आयोजन।**

**प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज महाराष्ट्र के वाशिम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 18वीं किस्त जारी की । इस मौके पर श्री मोदी ने कहा कि सरकार का हर निर्णय और नीति विकसित भारत को समर्पित है, और किसान इस दृष्टिकोण का एक प्रमुख आधार हैं।

वहीं श्री मोदी ने एक हजार नौ 20 करोड़ रुपये की सात हजार पांच सौ से अधिक कृषि अवसंरचना निधि परियोजनाओं के साथ–साथ एक हजार तीन सौ करोड़ रुपये के संयुक्त कारोबार वाले नौ हजार दो सौ किसान उत्पादक संगठनों को भी समर्पित किया । प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार घुमंतू जनजातियों और समुदायों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने वाशिम के पोहरादेवी में बंजारा समुदाय की समृद्ध विरासत को प्रदर्शित करने वाले बंजारा विरासत संग्रहालय का भी उद्घाटन किया।

**मंत्रिपरिषद बैठक**

वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती पर दमोह जिले के सिंग्रामपुर में मंत्रि परिषद की बैठक आयोजित की गई । मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीरांगना की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी शहादत को याद किया। इस बारे में पेश है हमारे संवाददाता की ये रिपोर्ट–

**मुख्यमंत्री–एसएएफ**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विशेष सशस्त्र पुलिस बल की 35वीं बटालियन, मण्डला का नामकरण वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम पर किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि रानी दुर्गावती ने अपने जीवन काल में 23 हजार से अधिक गांवों के साम्राज्य पर कुशलता, पराक्रम और शौर्य से शासन किया। उन्होंने 51 लड़ाइयों में दुश्मनों का वीरता से सामना कर विजय प्राप्त करने के साथ जनता के लिए कल्याणकारी कार्य करते हुए अपने "दुर्गा" नाम को सार्थक किया। रानी दुर्गावती का यह बलिदान प्रदेश में सदैव स्मरण किया जाएगा।

**पीएम–खादी इंडिया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज खादी की बिक्री के नए रिकॉर्ड को एक उत्साहजनक उपलब्धि बताया। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में देशवासियों के बीच स्वदेशी के प्रति तेजी से बढ़ते रुझान को रेखांकित करते हुए बताया कि खादी इंडिया ने रिकॉर्ड बिक्री हासिल की है। गांधी जयंती के अवसर पर नई दिल्ली के खादी भवन में सिर्फ एक दिन में 2 करोड़ 1 लाख 37 हजार रुपये के उत्पाद बेचे गए। श्री मोदी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस उपलब्धि से खादी से जुड़े कारीगरों को भी मदद मिलेगी।

**मुख्यमंत्री–आभार**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसान सम्मान निधि के अंतर्गत प्राप्त राशि से प्रदेश के 81 लाख किसानों को लाभ होगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसानों की खुशहाली और समृद्धि के लिए चलाई गई किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 20 हजार करोड़ की राशि मध्यप्रदेश के किसानों के खाते अंतरित की गई। डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश के किसानों की ओर से प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार मानते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

**सायबर सुरक्षा**

ब्लेक रिबन एनीशियेटिव ''संदेश'' अभियान के तहत देवास में "सायबर सुरक्षा एवं जागरूकता'' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षको ने भाग लिया । इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि फिशिंग बुलिंग, स्टॉकिंग, गेमिंग जैसी सायबर अपराध की घटनायें बढ़ रही हैं । उन्होंने कहा कि सतर्क और जागरूक रहकर ही सायबर अपराध का शिकार होने से बचा जा सकता हैं । सायबर सुरक्षा आज की सबसे बड़ी चुनौती है । सायबर अपराधी दिन–प्रतिदिन नये–नये तरीकों से सायबर अपराधों को अंजाम दे रहे हैं । इसलिये अपने डाटा को सुरक्षित रखने के लिये दिशा–निर्देशों का पालन करें ।

**गौरव दिवस**

धार्मिक नगरी मैहर में नवरात्रि मेले में आज, जिसमें 12 हजार से अधिक स्कूली विद्यार्थियों ने सामूहिक राष्ट्रगान गाकर एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया।

आज मैहर का गौरव दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर यहां उस्ताद अलाउद्दीन खां स्टेडियम में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिले की प्रभारी मंत्री राधा सिंह ने भी सहभागिता की। इसके अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों–कर्मचारियों ने भी देश भक्ति के इस आयोजन में हिस्सा लिया।

**किसान जानकारी**

शिवपुरी जिले में रबी फसलों की बोवनी का कार्य किसानों द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है। इसी बीच कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों के द्वारा किसानों को उर्वरक प्रबंधन के बारे में किसानों को सलाह दी जा रही है। किसानों को बताया जा रहा है कि रबी फसलों में पोषक तत्व प्रबंधन के लिए उर्वरकों का चयन करते समय उर्वरकों से मिलने वाली पोषक तत्वों की मात्रा का विशेष ध्यान रखें।

## समाचार संक्षेप

- नर्मदापुरम में आज मैं भी अभिमन्यु अभियान के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन हुआ। मैराथन दौड़ में 100 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों को महिला सम्मान के संबंध में शपथ ग्रहण करवाई गई।
- शहडोल जिला जेल में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बंदियों को कानून की जानकारी दी गई, साथ ही उन्हें उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया गया।
- आज सीहोर में नेहरू युवा केन्द्र ने नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियों सहित नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया ।
- खंडवा में राष्ट्रीय कला उत्सव 2024 जिला स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न हो गई । प्रतियोगिता में गायन, वादन, चित्रकला की प्रस्तुतियां हुई।
- अशोकनगर जिले में एंटी भू माफिया अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत आज ग्राम मोहरी राय में लगभग 3 हेक्टेयर भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराई गई है।
- मैं हूँ अभिमन्यु अभियान के तहत आगरमालवा जिले के नलखेड़ा में महिला अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

---------------------